हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 12 अंक : 70 देहरादून, मंगलवार, 05 सितंबर, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08




सीएम धामी की चमक और सौरभ की रणनीति से बागेश्वर जीतेगी भाजपा 3

# डेंगू मरीजों के बेहतर इलाज के लिए प्रदेश में जारी हुई गाइडलाइन

## युद्ध स्तर पर फॉगिंग व लार्वी साइड छिड़कने के निर्देश : डॉ आर राजेश कुमार

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 5 सितंबर , उत्तराखंड में डेंगू आर्मी तैयार हो गयी है लिहाज़ा अब आपको ज्यादा पैनिक होने की ज़रूरत नहीं है। एक बार फिर सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य डॉ राजेश कुमार अलर्ट मोड में प्रदेश भर में सुनियोजित रूप से सभी वार्डों में नियमित रूप से फागिंग करने के निर्देश दिए है साथ साथ वो क्षेत्र जहां डेंगू के रोगी मिल रहे हैं वहां युद्ध स्तर पर डेंगू निरोधात्मक कार्यवाही, फॉगिंग तथा लार्वी साइड छिड़कने के निर्देश दिए हैं।

**डेंगू रोगियों के आरक्षित बेडों की निगरानी रखें**

सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य डॉक्टर आर राजेश कुमार ने राजकीय मेडिकल कॉलेज देहरादून के विशेषज्ञ चिकित्सकों के सहयोग से डेंगू रोग के मानक उपचार हेतु दिशा निर्देश तैयार कर सभी जनपदों को सुनिश्चित कार्यवाही हेतु प्रेषित किए। डेंगू उपचार दिशा निर्देशों के माध्यम से विशेषज्ञ चिकित्सकों ने यह बताया कि हर डेंगू रोगी में प्लेटलेट्स की आवश्यकता नहीं होती है व प्लेटलेट्स को लेकर किसी भी प्रकार के पैनिक की आवश्यकता नहीं है। प्लेटलेट की संख्या 10,000 से कम होने पर ही अथवा अन्य किसी चिकित्सकीय कारण के होने पर ही रोगी को प्लेटलेट देने की आवश्यकता होती है अन्यथा पूर्ण आराम वा प्रचुर मात्रा में तरल पेय पदार्थ के सेवन से रोगी स्वत ही ठीक होने लगते हैं।

**रक्त संचरण परिशद् की महत्वपूर्ण बैठक हुई संपन्न**

वहीं सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य व परिवार कल्याण, डॉ0 आर0 राजेश कुमार की अध्यक्षता में राज्य रक्त संचरण परिषद उत्तराखण्ड एवं रक्तदान के क्षेत्र में कार्यरत् स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ वर्तमान समय में डेंगु के कारण मरीजों में घटते प्लेटलेट के स्तर को बढान के लिए प्लेटलेट की पूर्ती हेतु गैर सरकारी संस्थाओं के प्रतिनिधियों से यह अपेक्षा की गई वह लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करें तथा डेंगु व अन्य बीमारियों के लिए जन जागरूकता का अभियान चलाने के लिए प्रयास किया जाए क्योंकि बिना जनसह-भागिता के कोई भी कार्य संभव नहीं होता।

**देहरादून में प्लेटलेट निकालने की सुविधा 06 रक्तकोशों में उपलब्ध**

विभिन्न संस्थाओं में रक्तदान को प्रेरित करने हेतु सामाजिक कार्यकर्ता अनिल वर्मा को समन्वय स्थापित करने हेतु समन्वयक नामित किया गया। बैठक में सचिव स्वास्थ्य द्वारा यह जानकारी भी दी गई कि जनपद देहरादून में प्लेटलेट निकालने की सुविधा 06 रक्तकोशों में उपलब्ध है। इस सम्बंध में सचिव स्वास्थ्य द्वारा सभी अधिकारियों को यह निर्देषित किया कि आपके जनपद में कार्यरत् निजी चिकित्सालय एवं चिकित्सक प्लेटलेट संख्या 20,000 से कम आने पर ही प्लेटलेट एफरेसिस या जम्बो पैक के लिए कहे। इस सम्बंध में गाइडलाइंस जारी कर दिये गये हैं जिसका अनुपालन किया जाना सुनिष्चित किया जाये।



# स्वास्थ्य सचिव डॉ आर राजेश कुमार ने रक्तदान कर दिया संदेश





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 5 सितंबर , राज्य में डेंगू और वायरल संक्रमित मरीजों की संख्या में इजाफा होने के बाद से ब्लड बैंकों में खून की मांग पहले के मुकाबले लगातार बढ़ने लगी है। आम दिनों के मुकाबले ब्लड बैंक में आजकल ज्यादा ब्लड डोनरों की आवश्यकता पड़ रही है। इसी को देखते हुए स्वास्थ्य सचिव डॉ आर राजेश कुमार लगातार आम जनमानस से स्वैच्छिक रक्तदान की अपील कर रहे हैं । स्वास्थ्य सचिव का कहना है कि डेंगू और वायरल बुखार के दौरान जिन मरीजों के प्लेटलेट्स कम हो रहे है उन्हें सबसे ज्यादा ब्लड इश्यू किया जा रहा है। इसके कारण ब्लड की मांग लगातार बढ़ रही है। इसलिए हर स्वस्थ्य व्यक्ति को चाहिए कि वह अपने नजदीकी सरकारी ब्लड बैंक में पहुंचकर रक्तदान करे और दूसरों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करे।

**जनता से की अपील स्वैच्छिक रक्तदान कर मरीजों को जिंदगी बचाने के लिए आगे आएं**

वहीं इस सबके बीच स्वास्थ्य सचिव ने एक जरूरतमंद मरीज के लिए रक्तदान कर एक नई मिशाल पेश की है। स्वास्थ्य सचिव द्वारा रक्तदान कर संदेश दिया कि रक्तदान कर अन्य लोग भी खून की कमी के चलते जिंदगी की जंग लड़ रहे मरीजों को जिंदगी बचाने के लिए आगे आएं। हम सबको मिलकर इस लड़ाई को लड़ना होगा। आम जनता से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि स्वैच्छिक रक्तदान को आगे आयें। स्वास्थ्य सचिव ने कहा रक्त प्रकृति का एक ऐसा अनुपम उपहार है जो वैज्ञानिक तकनीकों के जरिये प्रयोगशालाओं में नहीं तैयार किया जा सकता है। ऐसे में रक्तदान करने से ही गंभीर मरीजों के लिए रक्त की कमी को दूर किया जा सकता है।

स्वास्थ्य सचिव डॉ आर राजेश कुमार ने कहा डेंगू से गंभीर रूप से पीड़ित मरीजों को प्लेटलेट चढ़ाने की जरूरत पड़ रही है। बीमारी के दौरान खून में प्लेटलेट की संख्या 20 हजार से कम होने लगे तो खतरा बढ़ जाता है और आम तौर पर डाक्टर अस्पताल में भर्ती होने का सुझाव देते हैं। ज्यादातर अस्पतालों में ब्लड प्लेटलेट की मांग बहुत बढ़ गई है और उसकी उपलब्धता बहुत कम है। इसकी आपूर्ति के लिए जरूरी है कि हम स्वैच्छिक रक्तदान करें जिससे कि गंभीर रूप से बीमार लोगों की जान बचाई जा सके।

# शिक्षक दिवस पर मुख्यमंत्री ने शिक्षकों को दी शुभकामनाएं



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 5 सितंबर , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शिक्षक दिवस के अवसर पर प्रदेश के सभी शिक्षकों को शुभकामनायें दी है। इस अवसर पर जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने पूर्व राष्ट्रपति, शिक्षाविद् एवं दार्शनिक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को नमन करते हुए कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों को शिक्षित कर राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। गुरुजनों के प्रति श्रद्धा एवं सम्मान की महान भारतीय परम्परा को और अधिक मजबूत बनाने पर बल देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वही देश और समाज आगे बढ़ता है, जहां गुरुजनों का सम्मान होता है, शिक्षक विद्यार्थियों को संस्कारवान बनाकर राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।



# भारत में पहली बार कब मनाया गया शिक्षक दिवस

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 5 सितंबर , हर किसी की जिंदगी का बेहद यादगार दिन होता है. हर साल इसी दिन शिक्षक दिवस मनाया जाता है. शिक्षक ही व्यक्ति को जीवन में सफलता के शिखर पर ले जाता है. गुरु के आशीर्वाद से हम अज्ञान के अंधकार से ज्ञान के प्रकाश की ओर बढ़ते हैं. शिक्षक दिवस पर छात्र अपने शिक्षकों को सम्मान देकर उनके प्रति आभार व्यक्त करते हैं. इस दिन को भारत के राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन के रूप में भी मनाया जाता है. आइए जानते हैं शिक्षक दिवस का इतिहास और महत्व...

**जानें 5 सितंबर को क्यों मनाया जाता है शिक्षक दिवस?**


भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म 5 सितंबर 1888 को हुआ था. भारत रत्न डॉ. राधाकृष्णन स्वयं एक महान शिक्षक थे. एक बार जब शिष्यों ने उनका जन्मदिन एक साथ मनाने का विचार किया तो राधाकृष्णन ने कहा कि मेरा जन्मदिन अलग से मनाने के बजाय यदि इसे शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाए तो मुझे गर्व होगा. शिक्षक दिवस पहली बार 1962 में मनाया गया था.

**शिक्षक दिवस का महत्व**

डॉ. राधाकृष्णन ने एक शिक्षक के रूप में अपने जीवन के महत्वपूर्ण 40 वर्ष देश को दिये. उन्होंने सदैव शिक्षकों के सम्मान पर बल दिया. उन्होंने कहा कि एक सच्चा शिक्षक समाज को सही दिशा देने का काम करता है. व्यक्ति को विपरीत परिस्थितियों का सामना करना सिखाता है. शिक्षक किसी के जीवन को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इसलिए शिक्षकों की उपेक्षा करना ठीक नहीं है.

**इन देशों में 5 सितंबर को नहीं मनाया जाता है शिक्षक दिवस**

वैसे तो भारत में शिक्षक दिवस 5 सितंबर को मनाया जाता है, लेकिन साल 1994 में यूनेस्को ने शिक्षकों के सम्मान में 5 अक्टूबर को शिक्षक दिवस मनाने की घोषणा की थी. रूस जैसे कई देशों में शिक्षक दिवस 5 अक्टूबर को मनाया जाता है. ऑस्ट्रेलिया, चीन, जर्मनी, बांग्लादेश, श्रीलंका, ब्रिटेन, पाकिस्तान और ईरान में भी शिक्षक दिवस अलग-अलग दिन मनाया जाता है.




# देहरादून में लगने वाला है रोजगार मेला 1500 युवाओं को मिलेगी नौकरी

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 05 सितम्बर : अगर आप नौकरी की तलाश में हैं तो आप बिलकुल सही जगह आए हैं। उत्तराखंड के बेरोजगार युवाओं के लिए बड़ी खुशखबरी है। देहरादून में जल्द ही फिर से रोजगार मेला लगने वाला है। बताया जा रहा है कि सितंबर माह में देहरादून में क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय में रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले के तहत करीब 40 से ज्यादा कंपनियों की अलग-अलग सेक्टर में 1500 भर्तियां निकाली गई हैं। इसमें 10वीं, 12वीं पास या ग्रेजुएट बेरोजगार युवा अपनी शैक्षणिक योग्यता के अनुसार आवेदन कर सकते हैं।

इनमें युवाओं को हाथों हाथ नौकरी मिल सकेगी। इस मेले का आयोजन 15 सितंबर को किया जाएगा। इसमें निजी कंपनियां युवाओं का साक्षात्कार लेंगी, और रोजगार देंगी। मेले के लिए युवा सेवायोजन कार्यालय में रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

बताया जा रहा है कि मेले में करीब 40 निजी कंपनियां शामिल होंगी। अगर आप रोजगार मेले में भाग लेने के इच्छुक हैं, तो आप ऑफलाइन माध्यम से देहरादून के परेड ग्राउंड के नजदीक स्थित सेवायोजन कार्यालय में जाकर आवेदन कर सकते हैं।

इसके लिए आपको अपना रजिस्ट्रेशन करवाना होगा। वहीं, आधार कार्ड, पैन कार्ड, 10वीं और 12वीं के सर्टिफिकेट, स्थायी निवास प्रमाण पत्र के साथ आप मेले से पहले कार्यालय जाकर रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। इसके साथ ही अभ्यर्थियों को अपने साथ अनिवार्य रूप से अपना बायोडाटा मूल प्रमाण पत्र, उनकी फ़ोटोकॉपी लानी होगी। बता दें कि अब तक कई युवाओं को देहरादून के रोजगार मेले के जरिए नौकरी मिल चुकी है। ऐसे में अगर आप भी बेरोजगार हैं और नौकरी की तलाश में हैं तो यह रोजगार मेला आपके लिए भी मददगार साबित हो सकता है।




# Health : खाने के तुरंत बाद भूलकर भी न करें ये काम




**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 05 सितम्बर : खाने के बाद कुछ लोग सोना पसंद करते हैं, तो वहीं कुछ लोग धूम्रपान करना पसंद करते हैं। कई लोग तो ऐसे होते हैं, जो खाने के तुरंत बाद चाय भी पीते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं, ये आदतें सेहत को कैसे प्रभावित करती हैं।

जी हां, लंच या डिनर करने के ठीक बाद आपको कुछ चीज़ों को करने से बचना चाहिए। तो आइए जानते हैं, खाने के तुरंत बाद क्या नहीं करना चाहिए? लंच या डिनर करने के बाद झपकी लेना बहुत ही सुखद अहसास होता है। लेकिन यह सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकता है। ऐसा करने से पाचन तंत्र प्रभावित होता है। दरअसल, खाना पचने में देरी हो सकती है। इसलिए खाने के तुरंत बाद सोने से परहेज करें।

सिगरेट पीना एक बुरी लत है, जिससे आप कई खतरनाक बीमारियों के शिकार हो सकते हैं। अगर आप भोजन के तुरंत बाद धूम्रपान करना पसंद करते हैं, तो यह आपके लिए ज्यादा हानिकारक हो सकता है। हेल्थ एक्सपर्ट के अनुसार खाने के बाद धूम्रपान करना 10 सिगरेट पीने के बराबर है। जिससे खतरा काफी बढ़ जाता है हेवी खाना खाने के बाद कभी न नहाएं, क्योंकि इससे खाना देरी से पचता है। ऐसा इसलिए, क्योंकि नहाने के दौरान शरीर के चारों ओर रक्त प्रवाह बढ़ जाता है और पाचन तंत्र में दिक्कत हो सकती है। बेशक, फल सेहतमंद होते हैं, लेकिन खाने के तुरंत बाद इनका सेवन करना आपके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है। फल खाने का सबसे अच्छा समय खाने के 2 घंटे पहले या बाद में होता है, इससे मेटाबॉलिज्म को बेहतर होता है।

चाय में कैफीन भरपूर मात्रा में पाया जाता है। अगर आप खाने के ठीक बाद चाय पीते हैं, तो इससे भोजन को पचाना मुश्किल हो जाता है। कई लोग, खाने के ठीक बाद चाय पीना पसंद करते हैं। अगर आप भी उन्हीं लोगों में से एक हैं, तो आपको अपच की परेशानी हो सकती है। पर्याप्त मात्रा में पानी पीना हेल्थ के लिए ज़रूरी है। लेकिन खाने के तुरंत बाद ज्यादा पानी पीना आपके लिए परेशानी का सबब बन सकता है। इससे अपच या एसिडिटी की समस्या हो सकती है।

# बच्चों को शांत करने के लिए मोबाइल थमाना नुकसानदेह



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 05 सितम्बर : कई बार बच्चे रोते हैं तो पैरेंट्स उन्हें मोबाइल या टैबलेट देकर शांत करा देते हैं। इससे बच्चे उस वक्त तो शांत हो जाते हैं, लेकिन भविष्य में इसके गंभीर परिणाम सामने आते हैं। दरअसल, 9 साल की उम्र पूरी होने के बाद इस तरह के बच्चे जब दूसरे बच्चों के संपर्क बनाते हैं, तो डिवाइस की लत के चलते उन्हें घुलने-मिलने में दिक्कत उनकी एकाग्रता घटती है और कार्य करने की क्षमता प्रभावित होती है। स्क्रीन का बच्चों पर असर जानने के लिए हाल ही में हार्वर्ड यूनिवर्सिटी सेंटर ऑफ डेवलपिंग चाइल्ड में हुए एक शोध हुआ। इसमें सामने आया कि 9 साल की उम्र तक ज्यादा समय मोबाइल या टैबलेट के साथ बिताने वाले बच्चों की एकेडमिक परफॉर्मेंस घटती है। मानसिक स्वास्थ भी बिगड़ता है।

शोध में बताया गया कि ऐसे बच्चों को बचपन में मोबाइल थमाना उनसे बचपन छीनने जैसा होता है। इससे ज्यादा उन्हें बड़ों से बातचीत करने देना ज्यादा जरूरी है। इसके अलावा उन्हें सोशल एक्टिविटी या शारीरिक गतिविधियां कराने की भी जरूरत है, ताकि शारीरिक और मानसिक विकास हो सके। ऐसे बच्चे भावनात्मक रूप से काफी कमजोर होते हैं। इसका असर लड़कों में ज्यादा होता है। एक अन्य शोध के अनुसार स्क्रीन टाइम बढ़ने से बच्चों में चिड़-चिड़ापन बढ़ जाता है और वे कई बार चुनौतीपूर्ण माहौल में आक्रामक व्यवहार करने लगते हैं। इससे बच्चों की फिजिकल एक्टिविटी तो कम होती ही है।

# सीएम धामी की चमक और सौरभ की रणनीति से बागेश्वर जीतेगी भाजपा






**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 5 सितंबर , एक बार फिर धामी , सौरभ , और भाजपा की मजबूत पकड़ का रियलिटी चेक बागेश्वर उपचुनाव में होने जा रहा है। कई दिनों से डेरा डाले मंत्री बहुगुणा , पसीना बहा रहे कार्यकर्त्ता और खुद सीएम धामी की दौड़ ने सहानुभूति की लहर को और भी मजबूती दी है लेकिन कांग्रेस भी दावे कर रही है कि जीत उनकी ही होने वाली है। लेकिन कई महीनों से चल रहा बागेश्वर उपचुनाव के प्रचार का शोर थम चुका है और बारी मतदान की है। हालाँकि मतदान के लिए सीमाओं को सील कर दिया गया है। प्रचार के अंतिम चरण पर मुख्यमंत्री ने भी जनता से भाजपा को वोट करने की अपील की और कई मंत्रियों ने जमकर गलियो चौराहों पर जनसम्पर्क किया लेकिन मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस और उनके दिग्गज नेताओं ने भी बागेश्वर में ज़ोरदार प्रचार और जनसंपर्क किया।

आपको बता दें कि उपचुनाव में 118311 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 60028 पुरुष और 58283 महिला वोटर शामिल हैं। मतदान पांच सितंबर को सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराधा पाल ने बताया कि पांच सितंबर तक जिले की सीमाओं को सील कर दिया गया है। बाहर की विधानसभा के वे लोग जो यहां के वोटर नहीं हैं उन्हें जिला छोड़ने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं।विधानसभा क्षेत्र के बाहर का कोई भी व्यक्ति बागेश्वर में मौजूद पाया गया तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सभी लोग मतदान कर सकें इसके लिए मतदान तिथि को सार्वजनिक अवकाश घोषित कर दिया गया है। सोमवार को सभी 188 मतदेय स्थलों के लिए पोलिंग पार्टियों को रवाना कर दिया जाएगा।

# शिकायतों एवं पत्रावलियों को समयबद्ध निस्तारण करें : सोनिका, डीएम



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून दिनांक 5 सितंबर , जिलाधिकारी सोनिका की अध्यक्षता में जनसुनवाई का आयोजन किया गया, जनसुनवाई में कुल 107 शिकायतें प्राप्त हुई। जिनमें अधिकतर शिकायतें भूमि सम्बंधी, अतिक्रमण एवं पारिवारिक विवाद से सम्बंधित प्राप्त हुई। इसके अतिरिक्त आर्थिक सहायता दिलाने, ईडबल्यू एस प्रमाण पत्र बनवाने, पीएमजीसीआई मुआवजा, बाढ़ सुरक्षा कार्यों विद्युत, पेयजल, वन विभाग, पीएमजीएसवाई आदि विभागों से संबंधित प्राप्त हुई।

जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों एवं पत्रावलियों को समयबद्ध निस्तारण करें पत्रावलियां लम्बित न रखी जाएं। साथ सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया 1905 मुख्यमंत्री हेल्पलाईन पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण अपने स्तर से मॉनिटिरिंग करें। जनसुनवाई में सुसवा नदी से बाढ सुरक्षा कार्य कराने की शिकायत पर उप जिलाधिकारी डोईवाला को राजस्व, सिंचाई, वन विभाग को संयुक्त निरीक्षण कर आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। तहसील सदर अंतर्गत भूमि कब्जा तथा नाथुवाला में भूमि कुर्रे की शिकायत पर उप जिलाधिकारी सदर को कार्यवाही के निर्देश दिए। गुनियाल गांव में भूमिधरी तथा वन भूमि के सीमांकन की शिकायत पर राजस्व एवं वन विभाग को संयुक्त निरीक्षण के निर्देश दिए।

ऋषिनगर सहस्त्रधारा रोड सड़कों पर पेयजल बहने तथा घरों में पानी न आने की शिकायत पर जल संस्थान को त्वरित कार्यवाही करते हुए अवगत कराने के निर्देश दिए। जोहड़ी गांव में ग्राम सभा की भूमि पर अतिक्रमण की शिकायत पर उप जिलाधिकारी सदर को कार्यवाही के निर्देश दिए। सार्वजनिक स्थान पर कूड़ा एकत्रित होने की शिकायत पर नगर निगम को कार्यवाही के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अतिक्रमण की शिकायतों पर राजस्व, नगर निगम के अधिकारियों को अतिक्रमण चिन्हित करते हुए अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। डोभाल चौक के समीप रास्ता रोककर अतिक्रमण किये जाने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने राजस्व एवं पुलिस के अधिकारियों को मौके पर निरीक्षण करते हुए अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर नगर मजिस्टे्रट प्रत्युष सिंह, उप नगर आयुक्त नगर निगम देहरादून गोपाल राम बिनवाल, निदेशक ग्राम्य विकास अधिकारी विक्रम सिंह, उप जिलाधिकारी मुख्यालय शालिनी नेगी, उप जिलाधिकारी सदर नंदन कुमार, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी राजेन्द्र विराटिया, अधि0अभि विद्युत राकेश कुमार, एआईजी स्टाम्प संदीप कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी आर एस रावत, जिला प्रोबेशन अधिकारी मीना बिष्ट, तहसीलदार सदर मौ शादाब सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### धूमधाम से मनाया संस्कृत सप्ताह

पौड़ी। ब्रिगेडियर विद्याधर जुयाल संस्कृत विद्यालय भुवनेश्वरी में संस्कृत सप्ताह धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान विभिन्न संस्कृत गीत समूहगान आदि कार्यक्रमों का संस्कृत में आयोजन किया गया।विद्यालय के प्रधानाचार्य अनसुया प्रसाद सुन्दरियाल ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं सभी से संस्कृत भाषा में एक वाक्य जरूर लिखने का निवेदन कर रहे हैं। कहा कि सभी छात्रों का सौभाग्य है सभी को सुंदर संस्कृतमय वातावरण का परिवेश मिला है। उन्होंने सभी को संस्कृत भाषा की सेवा के लिए संकल्पित होने पर जोर दिया। वरिष्ठ अध्यापक नवीन जुयाल ने कहा की लघु लघु प्रयास से हम धाराप्रवाह संस्कृत बोल सकते हैं। कार्यक्रम के संचालक आचार्य नवीन ममगांई ने कहा कि श्रावण पूर्णिमा से तीन दिन पूर्व व तीन दिन बाद तक मनाया जाता है। इस मौके पर आचार्य अनूप, आशीष डबराल, कमलदीप, ईशान डोभाल, नीरज पटवाल, अंकित मैठाणी व सभी छात्र मौजूद रहे।

### शिक्षक कर्मचारी सम्मान समारोह का आयोजन किया

कोटद्वार। आदर्श विद्यालय राजकीय इंटर कालेज के अभिभावक संघ की ओर से शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर सोमवार को विद्यालय में शिक्षक कर्मचारी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय के सभी शिक्षकों व कर्मचारियों सहित 52 व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आरंभ पीटीए अध्यक्ष महेंद्र कुमार अग्रवाल, प्रधानाचार्य मुकेश रावत, डा.दिनेश सिंह, पूर्व प्रधानाचार्य जयवीर सिंह रावत और जगमोहन सिंह रावत ने मां सरस्वती व सर्वपल्ली डा. राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। पीटीए अध्यक्ष महेंद्र कुमार अग्रवाल ने कहा कि शिक्षकों के मार्ग दर्शन से ही हमारे देश को महान दार्शनिक व विद्वान राष्ट्रपति के रूप में डा. राधाकृष्णन जैसे महान व्यक्ति मिले। प्रधानाचार्य मुकेश रावत ने कहा कि इस सम्मान से शिक्षकों की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। डा. दिनेश सिंह ने पीटीए की ओर से आयोजित इस समारोह की सराहना की। तत्पश्चात विद्यालय की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षकों सहित 52 व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मंजू अग्रवाल, पी एल खंतवाल, आरपी पंत, विनोद नेगी, प्रदीप कुमार अग्रवाल, रिपुदमन सिंह, एपी डंगवाल, विजय माहेश्वरी, रइस अहमद सलमानी और मनमोहन सिंह चौहान सहित सभी छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। संचालन वरिष्ठ प्रवक्ता डा. पद्मेश बुड़ाकोटी ने किया।

### लखवाड़ बांध प्रभावितों ने बैठक कर की समस्याओं पर चर्चा

नई टिहरी। यमुना नदी तट पर 300 मेगावाट क्षमता की लखवाड़ बांध परियोजना से प्रभावित काश्तकारों व जनप्रतिनिधियों ने बैठक कर समस्याओं पर चर्चा की। प्रभावितों ने सरकार की ओर से उन्हें अभी तक परिसंपत्तियों का मुआवजा न दिए जाने पर भी नाराजगी जताई। उन्होंने सरकार से शीघ्र उचित मुआवजा तथा बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार की मांग की है। लखवाड़ बांध परियोजना प्रभावित काश्तकारों व जनप्रतिनिधियों की बीते रविवार को यमुना पुल नैनबाग में आयोजित हुई। बैठक में प्रभावित काश्तकारों ने कहा कि, सरकार की ओर से लखवाड़ बांध परियोजना कार्य शुरू कर दिया गया है। लेकिन, प्रभावित काश्तकारों को अभी तक मुआवजा भुगतान नहीं किया गया। साथ ही उनकी भूमि, मकान, खेत, घराट व पेड़ों आदि के मुआवजे की धनराशि भी अभी तक निर्धारित नहीं की गई। जिससे काश्तकारों मे सरकार के प्रति नाराजगी व्याप्त है। इस मौके पर अध्यक्ष बच्चन सिंह पुंडीर, सचिव संदीप तोमर, संयोजक डॉ. वीरेंद्र रावत, जिपंस कविता रौतेला, प्रदीप कवि, दर्शन लाल नौटियाल, जोत सिंह रावत, अनिल पुंडीर, अनिल बिजल्वान, विक्रम सिंह कैंतुरा, बच्चन सिंह रावत, शरण सिंह पवार, अनूप पवार, महेश तोमर, नरेंद्र पवा, सुनील वर्मा, अर्जुन सिंह रावत, चमन लाल वर्मा, राकेश रावत आदि लोगों उपस्थित रहे।


# क्या आपको पता है आपकी आंखें कितने रंग को पहचान सकती है

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 05 सितम्बर : पिछले दिनों ऑस्ट्रेलिया की एक महिला कॉनसेटा एंटिको की आंखों के बारे में बीबीसी में एक आर्टिकल छपा था. इस महिला के बारे में चौंकाने वाला दावा किया गया था कि कॉनसेटा एंटिको की आंखें 10 करोड़ से ज्यादा रंगों को पहचान सकती हैं. उनकी आंखें को स्पेशल कहा गया था. इसके साथ ही यह भी बताया गया था कि दुनिया में ऐसे मात्र 1 फीसदी लोग ही हैं, जिनकी आंखें 10 करोड़ रंगों को पहचान सकती हैं.

अब सवाल उठता है कि इंसान की आंखें कितने रंगों को पहचान सकती हैं. हमें बचपन में किताबों में कलर के बारे में पढ़ाया गया है. आम तौर पर हम 20-25 रंगों का ही नाम जानते हैं, लेकिन आप जानकर हैरान रह जाएंगे कि एक आम इंसान की आंखें इतने रंगों को पहचान सकती हैं, जितना आप सोच भी नहीं सकते हैं. आपकी आंखें कई लाख रंगों में अंतर कर सकती हैं.बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, एक स्वस्थ इंसान की आंखें में तीन तरह के कोन सेल्स होते हैं. प्रत्येक सेल 10 लाख से अधिक विभिन्न कलर शेड्स को पहचान सकते हैं. इस तरह एक आम इंसान की आंखें 10 से लेकर 30 लाख रंगों को पहचान सकती हैं.

अलग-अलग इंसानों में यह संख्या अलग-अलग हो सकती है. यह हर इंसान की आई पावर पर निर्भर करता है. लेकिन, औसत तौर पर कह सकते हैं कि इंसान की आंखें एक मिलियन यानी दस लाख रंगों को तो पहचान ही सकती हैं वहीं जिन लोगों की आंखों में चौथी सेल भी होती है, उससे वह 100 मिलियन यानी दस करोड़ से ज्यादा रंगों में अंतर कर सकते हैं और इन्हें पहचान सकते हैं. ऐसी आंखों को टेट्रा क्रोमेट कहा जाता है. ऐसे लोग हर चीज के ओरिजनल रंग को देख सकते हैं. आम इंसान के लिए इतने रंग देखना नामुमकिन है. रिसर्च में बताया गया कि ऐसी आंखों वालों के बच्चों में कलर ब्लाइंडनेस होने का खतरा रहता है.



# गढ़वाल : उम्र 17 साल, काम- बोलेरो गाड़ी चोरी करना

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**






गढ़वाल 05 सितम्बर : टिहरी गढ़वाल से हाल ही में पुलिस ने एक नाबालिग को धर दबोचा। बता दें की नाबालिग बोलेरो गाड़ी की चोरी कर रहा था। जी हां, थाना क्षेत्र घनसाली के अंतर्गत चमियाला बाजार से नाबालिग को बोलेरो गाड़ी को चोरी कर अपने घर लंबगाव ले जाते पुलिस ने डोबरा चांटी पुल के पास से धर दबोचा। फिलहाल वाहन को सीज कर आरोपित को बाल सुधार गृह में भेज दिया है। दरअसल लंबगांव क्षेत्र के गल्याखेत निवासी प्रमोद सिंह ने 31 अगस्त को चौकी चमियाला में तहरीर दी कि उसने बीती 30 अगस्त को मुख्य मार्केट चमियाला में पीएनबी बैंक के सामने रोज की तरह बोलेरो खड़ी की थी,

लेकिन जब वह अगली सुबह को गाड़ी वाली जगह पर पहुंचा तो गाड़ी गायब मिली। जिसके बाद उसके होश उड़ गए। उसने अपनी तरफ से बहुत कोशिश की। वाहन स्वामी ने नजदीकी रिश्तेदारों व अन्य गाड़ी स्टाफ को इस जानकारी दी, मगर गाड़ी का कुछ पता नहीं चला। थक हार कर पीड़ित ने चमियाला पुलिस चौकी में तहरीर दी। तहरीर मिलते ही पुलिस ने सभी को सूचित कर दिया। वहीं सीसीटीवी कैमरे के फुटेज में देखा गया कि एक बालक ने गाड़ी की चोरी की है, जिसके बाद पुलिस ने युवक को वाहन के साथ वहीं पकड़ लिया।

थानाध्यक्ष राजेश बिष्ट ने बताया कि वाहन चोरी करने वाला नाबालिग है और उसी क्षेत्र का है। बता दें आरोपी नाबालिग ने अंधेरे में मौके का फायदा उठाते हुए गाड़ी की चोरी कर ली और फरार हो गया। वह तो अच्छा हुआ कि पुलिस सीसीटीवी फुटेज की मदद से नाबालिग तक पहुंची और पुलिस ने गाड़ी को उसके मालिक के सुपुर्द कर दिया है और आरोपी नाबालिग से पूछताछ कर रही है।

# DENGUE : हरिद्वार में डेंगू से वन दारोगा की मौत, रेंजर और कोतवाल भर्ती

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



हरिद्वार 05 सितम्बर : हरिद्वार में डेंगू का प्रकोप बढ़ता ही जा रहा है। फुटबॉल खिलाड़ी की मौत के बाद डेंगू से वन दरोगा की मौत हो गई। जबकि रेंजर और ज्वालापुर कोतवाल डेंगू की मार झेल रहे हैं। हालांकि, सरकारी आंकड़ों में डेंगू का असर ज्यादा नहीं दिखाई दे रहा है, लेकिन धर्मनगरी में डेंगू से मौत के मामले बढ़ने लगे हैं , बीते दिन हरिपुर कलां के फुटबॉल खिलाड़ी पुलकित की देहरादून के निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई थी।

वहीं बीते दिन शाम को राजा गार्डन निवासी हरिद्वार रेंज में तैनात 55 वर्षीय वन दरोगा ओपी सिंह की भी डेंगू से मौत हो गई है। उन्हें करीब एक सप्ताह पहले बुखार होने पर शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनकी प्लेटलेट्स अधिक गिर गई थी। जिससे उन्हें देहरादून के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। लेकिन वहां भी उनकी हालत में सुधार नहीं हो सका। जिससे उपचार के दौरान वन दारोगा ने दम तोड़ दिया। उनकी मौत की खबर मिलने पर वन विभाग में शोक की लहर दौड़ गई ।खुद डेंगू की चपेट में आए हरिद्वार रेंजर दिनेश प्रसाद नौटियाल ने इसकी पुष्टि की।

उन्होंने बताया कि वन दारोगा ओपी सिंह और उन्हें एक साथ डेंगू हुआ था। जबकि उन्हें तो डेंगू के साथ टाइफाइड भी हो गया था।

हले वह भी शहर के एक निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती हुए थे। मगर बाद में देहरादून के एक निजी अस्पताल में लेकर चले गए, जहां से उपचार मिलने के बाद उनके स्वास्थ्य में अब सुधार हुआ है। ज्वालापुर कोतवाल कुंदन सिंह राणा भी डेंगू से ग्रस्त हो गए थे। वह एक निजी अस्पताल में उपचार करा रहे हैं।

डेंगू के मामलों में वृद्धि हो रही है, लेकिन बीते दिन स्वास्थ्य विभाग की ओर से डेंगू के मरीजों के आंकड़े जारी नहीं किए गए हैं। जबकि निजी अस्पतालों में डेंगू के मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। इससे स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### राज्यपाल ने 'शिक्षक दिवस' के अवसर पर राज्य के सभी शिक्षकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने 'शिक्षक दिवस' के अवसर पर सभी शिक्षकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। पूर्व राष्ट्रपति व भारत रत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को याद करते हुए राज्यपाल ने कहा कि 'शिक्षक दिवस', हमें अपने शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का अवसर देता है। राज्यपाल ने कहा कि शिक्षक, देश एवं समाज के भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे अपने विद्यार्थियों को अनुशासनप्रिय बनाते हैं एवं उनमें नैतिक मूल्यों के गुण रोपित कर उनकी प्रतिभा का विकास करते हैं, जिससे वे आदर्श नागरिक बनकर राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान कर सकें। उन्होंने शिक्षकों का आह्वान किया है कि वे युवा पीढ़ी में ईमानदारी, सत्य, न्याय, करूणा और कर्तव्यनिष्ठा जैसे आदर्श मूल्यों को आत्मसात कराएं।

### नागरिक मंच ने की समस्याओं को लेकर बैठक

नई टिहरी। नागरिक मंच ने बांध विस्थापित, प्रभावित और नगर की समस्याओं को लेकर बैठक की। मंच पदाधिकारियों ने समस्याओं के निरस्तारण न होने नाराजगी भी जताई। नई टिहरी नागरिक मंच पदाधिकारियों की बौराड़ी के सामुदायिक मिलन केंद्र में मंच अध्यक्ष सुंदरलाल उनियाल के नेतृत्व में बैठक की। मंच अध्यक्ष ने कहा कि नागरिक मंच लंबे समय शासन प्रशासन से बांध विस्थापित 41 परिवारों को भवन निर्माण सहायता देने,बांध प्रभावित और विस्थापितों के हित में ग्रेवांस सेल की पुर्नस्थापना करने, नगर की आंतरिक सडक़ों की मरम्मत, अस्पताल में चिकित्सकों की तैनाती, घुत्तु ग्रेविटी पेयजल योजना का निर्माण करने सहित अन्य जन मुद्दों के निस्तारण की मांग कर रहा है। मंच की ओर से उक्त मांगों को लेकर कई बार शासन प्रशासन को लिखित रुप से अवगत करवाया गया है, लेकिन समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। कहा जल्द समस्याओं का समाधान नहीं होता है, तो नागरिक मंच आंदोलन के लिये बाध्य हो सकता है। बैठक में मंच संरक्षक सीपी डबराल, चत्तर सिंह चौहान, नरोत्तम दत्त जखमोला, किशोरी लाल चमोली, सुबदा चौहान, आशा तोपवाल, विजेंद्र चंद रमोला, अब्दुल अतीक, भूपेंद्र चौहान, गंगाभगत नेगी, एसपी चौहान, कर्म सिंह तोपवाल, उम्मेद सिंह रावत, पीतांबर दत्त नौटियाल, शूरवीर नेगी,डा.उम्मेद सिंह नेगी, वीपी बधानी, त्रिलोक चंद रमोला आदि मौजूद थे।

### बाणासुर और मां राजराजेश्वरी की डोली बदरीनाथ पहुंची

चमोली। भगवान केदार भोलनाथ की तपो भूमि केदारनाथ क्षेत्र के लमगोंडी (गुप्तकाशी) से देवाधिदेव के अनन्य भक्त बाणासुर महाराज और माता राज राजेश्वरी की पवित्र डोली भगवान बदरी विशाल के बदरीनाथ पहुंची। श्रद्धा भाव से भगवान दर्शन पूजन किया गया। बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति की ओर से मंदिर समिति के उपाध्यक्ष किशोर पंवार सहित आचार्यों ने पवित्र डोलियों और उनके साथ चल रहे श्रद्धालुओं का स्वागत कर भगवान का प्रसाद, अंगवस्त्र और तुलसी माला भेंट की। बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के मीडिया प्रभारी डॉ हरीश गौड़ ने बताया मां राजराजेश्वरी और बाणासुर महाराज की विग्रह बोली केदारनाथ धाम सहित पंचकेदार श्री ओंकारेश्वर उखीमठ के दर्शनों के बाद रविवार को श्री बदरीनाथ धाम दर्शन को पहुंची। देवडोलियों का पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। इसके पश्चात देवडोलियां मंदिर परिसर में दर्शन हेतु मंदिर में पहुंची। पवित्र डोलियों के बदरीनाथ पहुंचने पर मंदिर समिति सदस्य भास्कर डिमरी, धर्माधिकारी राधाकृष्ण थपलियाल, पूर्व धर्माधिकारी भुवन चंद्र उनियाल अधिकारी राजेंद्र चौहान, वेदपाठी रविन्द्र भट्ट, देवरा यात्रा संरक्षक सुरेंद्र शर्मा, अध्यक्ष पुष्पेंद्र प्रकाश शुक्ला, व्यवस्थापक सुधीर पोस्ती, सचिव सुरेश बगवाड़ी, विकास जुगराण, नरेन्द्र शर्मा, सुबोध बगवाड़ी, दुर्गेश बाजपेयी, दर्शन सजवाण, विवेक थपलियाल, अनसुया नौटियाल अजीत भंडारी, विकास सनवाल सत्येंद्र झिंक्वाण ने पवित्र डोलियों का स्वागत किया।

### छात्र संघ प्रतिनिधियों ने प्राचार्य को सौंपा सात सूत्रीय ज्ञापन

चमोली। राजकीय महाविद्यालय गैरसैंण के छात्र संघ प्रतिनिधियों एवं एबीवीपी से जुड़े छात्रों ने सोमवार को महाविद्यालय प्राचार्य को सात सूत्रीय ज्ञापन सौपा है। उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत को प्राचार्य डा. एनके बरमोला के माध्यम से भेज गये 7 सूत्रीय ज्ञापन में भौतिक एवं अंग्रेजी प्राध्यापक की नियुक्ति,राजनीति शात्र, समाज शात्र एवं इतिहास की पीजी कक्षाएं संचालित करने,महाविद्यालय में एनसीसी यूनिट खोलने,बालिका कॉमन रूम बनाने, एमएससी की कक्षाएं संचालित करने सहित सात सूत्रीय मांग पत्र सौपा गया है, साथ ही मांग पूरी न होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी गयी है। ज्ञापन देने वालों में छात्र संघ अध्यक्ष जसवंत रावत, सचिव वर्षा,एबीवीपी के नगर अध्यक्ष प्रकाश खत्री, प्रियंका आदि सामिल थे।

# हरिद्वार पुलिस की कार्रवाई से खुश हुआ व्यापारी एसएसपी को दिया 51 हजार रुपए का चेक

## हरिद्वार पुलिस की सफलता और टीम वर्क को व्यापार मंडल रुड़की ने सराहा

- व्यापारी के ऑफिस से हुई लाखों की चोरी का हरिद्वार पुलिस ने किया था सफल खुलासा
- 04 को पकड़कर भेजा था जेल, जिनसे बरामद हुए थे 11 लाख 90 हजार रुपये




**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

हरिद्वार 05 सितम्बर : 17.08.23 को कोतवाली गंगनहर क्षेत्रांतर्गत नेहरू नगर निवासी नवीन गोयल के आफिस के दरवाजे का शीशा तोड़कर चोरों ने लाखों रुपयों की कैश चोरी की थी जिस सम्बन्ध में कोतवाली गंगनहर में मु0अ0सं0 483/23 धारा 457/380 भा.द.वी. बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था।

इस घटना से जहां पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी तो वहीं चोरों के जल्दी न पकडे जाने पर उनके द्वारा रुपयों को ठिकाने लगाए जाने की प्रबल संभावना थी। ऐसे में गंभीर परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए एसएसपी हरिद्वार अजय सिंह द्वारा गठित की गई पुलिस टीमों को दिशा निर्देशित करते हुए प्रकरण में चल रही प्रगति पर समय-समय पर रिपोर्ट भी प्राप्त करी।

कुशल पर्यवेक्षण एवं कोतवाली गंगानगर पुलिस टीम की सूझबूझ से दिन-रात की गई कड़ी मेहनत से 04 अभियुक्तों को पकड़ा गया जिनके कब्जे से 11 लाख 90 हजार रुपये कैश बरामद हुए।

एसएसपी अजय सिंह द्वारा टीम के उत्साहवर्धन हेतु तत्समय 5 हजार रुपये नकद पारितोषिक की घोषणा की गई थी। 04-09-2023 को उक्त सफल खुलासे पर वादी नवीन गोयल उनके साथ आए सचिन गुप्ता एवं व्यापार मण्डल रुड़की के अन्य पदाधिकारियों द्वारा खुशी जाहिर करते हुए एसएसपी अजय सिंह से उनके रोशनाबाद स्थित कार्यालय में मुलाकात कर कोतवाली गंगनहर पुलिस के टीम वर्क की प्रशंसा एवं कप्तान साहब के कुशल नेतृत्व की सराहना करते हुए उनको खुलासे वाली पुलिस टीम के उत्साहवर्धन हेतु 51 हजार रुपये का चेक सौंपा।

# ऋषिकेश : 15 सितंबर से शुरू हो सकती है राफ्टिंग

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**




ऋषिकेश 05 सितम्बर : 15 सितंबर से ऋषिकेश में राफ्टिंग शुरू होने की उम्मीद है। राफ्टिंग की शुरुआत गंगा नदी के जलस्तर पर निर्भर करेगी। राफ्टिंग शुरू होने से पहले यातायात पुलिस ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। पुलिस की ओर से अलग-अलग स्थानों पर नो पार्किंग के साइन बोर्ड लगवाए जा रहे हैं।

यातायात निरीक्षक अनवर खान ने बताया कि 15 सितंबर को वीकेंड भी है। 16 सितंबर को शनिवार 17 सितंबर को रविवार है। लगातार तीन दिन छुट्टी है। ऐसे में राफ्टिंग शुरू होने पर भीड़ आने की उम्मीद है।

उन्होंने बताया कि शहर के चयनित स्थानों पर नो पार्किंग के साइन बोर्ड लगाए जा रहे हैं। राफ्टिंग शुरू होने के दौरान शहर में जाम जैसी स्थिति न हो, इस पर भी विचार किया जा रहा है।15 सितंबर से राफ्टिंग शुरू होने की उम्मीद है। मुनि की रेती क्षेत्र के कई संवेदनशील घाटों पर स्नान के दौरान कई पर्यटक डूब चुके हैं। गंगा का जलस्तर बढ़ने के कारण अभी तक पुलिस ने संवेदनशील घाटों पर चेतावनी बोर्ड नहीं लिखवाए हैं। इस क्षेत्र में कई गंगा घाटों पर दलदल रहता है। जिसमें फंसकर कई पर्यटक जान गंवा चुके हैं।

# उत्तराखंड : बाजपुर में विदेश भेजने के नाम पर 20 लाख की ठगी

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**




उत्तराखंड 05 सितम्बर : बाजपुर में कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने उच्च शिक्षा के लिए विदेश भेजने के नाम पर ढाई लाख रुपये की ठगी करने के आरोप में दंपती सहित तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव मडैया बक्शी निवासी मनमीत सिंह चीमा ने बताया कि उसने बेटी जसमीत कौर को उच्च शिक्षा के लिए कनाडा भेजने के लिए अपने रिश्तेदार एजेंट गुरबाज सिंह गिल से संपर्क साधा। इस पर गुरबाज, अपनी पत्नी मनदीप कौर और एक साथी बलवीर सिंह के साथ उनके घर आया। उसने विदेश भेजने में करीब बीस लाख रुपये का खर्च बताया। इस पर उसने दो लाख नकद और पासपोर्ट सहित अन्य कागजात उन्हें दे दिए। 15 जून 2020 को उनके बताए खाते में 6.60 लाख रुपये ट्रांसफर किए। फिर धीरे-धीरे कर कुल बीस लाख रुपये आरोपियों को दिए। ठगी का पता चलने पर जब आरोपी से रकम मांगी तो वह गाली गलौज और धमकी देने लगा। कोतवाल प्रवीण कोश्यारी ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर यूपी के खजुरिया बिलासपुर निवासी गुरबाज सिंह, उसकी पत्नी मनदीप कौर, बलवीर सिंह के खिलाफ धारा 420, 504, 506 के तहत केस दर्ज कर जांच एसआई विजय सिंह को सौंपी गई है।

जसमीत कौर ने जब अपना कोर्स बदलने की जानकारी लेने के लिए कनाडा स्थित यूनिवर्सिटी में कॉल की तो उन्हें पता चला कि उनकी फीस जमा नहीं है। यूनिवर्सिटी में दोबारा कॉल करने पर पता चला कि बिना फीस जमा किए नकली फीस रसीद एंबेसी में लगा कर वीजा प्राप्त कर किया गया था। इस पर एंबेसी की ओर से वीजा निरस्त कर दिया गया। साथ ही कनाडा आने के लिए पांच साल का बैन भी कर दिया गया। आरोपी गुरबाज की ओर से दी गई जीआईसी रसीद, ऑफर लेटर, फीस रसीद, टिकट आदि की जांच कराने पर सभी दस्तावेज नकली निकले। पुलिस बाकि जांच कर रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### रक्तदान मानव जीवन में एक महत्वपूर्ण कार्य: जिला जज

हरिद्वार। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन से जुड़े वकीलों ने 95 यूनिट रक्तदान किया। जनपद न्यायाधीश सिकंद कुमार त्यागी ने रक्तदान करने को मानवीय उपहार बताया। सोमवार को डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के परिसर में सामाजिक संस्था परिवर्तन चैरिटेबल ब्लड सेंटर ऋषिकेश ने स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में बतौर मुख्य अतिथि जनपद न्यायाधीश सिकंद कुमार त्यागी ने रक्त दान करते हुए कहा कि रक्तदान मानव जीवन में एक महत्वपूर्ण कार्य है। जिससे प्रत्येक व्यक्ति को रक्तदान कर मानव जीवन बचाने में सहयोग करने की जरूरत है। इस दौरान अधिवक्ताओ ने उत्साह के साथ रक्तदान किया। जिस पर डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विश्वबन्धु शर्मा, सचिव अनुराग चौधरी व समस्त कार्यकारी ने डॉक्टर टीम व वकीलों का आभार जताया। कैंप चिकित्सक टीम में डॉ. संदीप चौधरी, संदीप गोस्वामी, आनंद व मोनिका शामिल रहे।

### पथरी में अघोषित बिजली कटौती से लोग परेशान

हरिद्वार। पथरी क्षेत्र में लगातार चार घंटे की बिजली कटौती हो रही है। पिछले एक सप्ताह से यही स्थिति बनी है। इससे लोग परेशान हो रहे हैं। पथरी व भटटीपुर फीडर से जुड़ी करीब अस्सी हजार की आबादी को बिजली नहीं आने से चार घंटे अंधेरे में रहना पड़ा। रविवार रात चार घंटे की कटौती हुई। सोमवार सुबह आठ से दस बजे तक बिजली गुल रही। ग्रामीणों का कहना है कि रोज कटौती हो रही है। बिजली कब आएगी इसका पता नहीं चल पाता है। ग्रामीण को लगातार अघोषित बिजली कटौती की मार झेलनी पड़ रही है। कटौती के कारण पूरी दिनचर्या बिगड़ जाती है। बिजली नहीं आने के कारण बच्चे, महिला और बुजुर्गों को ज्यादा परेशानी झेलनी होती है। लगातार हो रही कटौती से ग्रामीणों में निगम के प्रति रोष है। छोटे उद्योग व बिजली पर निर्भर दुकानदारों की मुश्किल ज्यादा बढ़ी है। पेयजल सप्लाई पर भी असर पड़ रहा है। ऊर्जा निगम एसडीओ प्रवेश कुमार ने बताया रोस्टिंग के चलते क्षेत्र में बिजली बंद रहती है। फीडर से कोई बिजली कटौती नहीं की जा रही है।

### निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 353 रोगी का उपचार

उत्तरकाशी। जाड़ भोटिया जन कल्याण समिति वीरपुर डुंडा की ओर से भटवाड़ी के बगोरी गांव मं निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में कुल 353 लोगों की स्वास्थ्य की जाच की गई है। साथ ही निशुल्क दवा का वितरण भी किया गया। सोमवार को आयोजित शिविर में सीनियर डॉक्टर ऊषा रावत भंडारी, सीनियर डॉ शैलेंद्र सिंह भंडारी, डॉ गुरदयाल सिंह नेगी , डॉक्टर गुमान सिंह भंडारी, डॉ पूरन सिंह नेगी, डॉक्टर अंगद सिंह राणा, डॉ सूरज सिंह भंडारी ने मरीजों उपचार किया। ग्राम प्रधान सरिता रावत, जन जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष भवान सिंह राणा, बगोरी वन पंचायत सचिव धर्मेन्द्र सिंह रावत ने ग्रामीणों से अधिक संख्या में शिविर का लाभ उठाने की अपील की। समिति के अध्यक्ष गुमान सिंह नेगी ने बताया कि निशुल्क स्वास्थ्य शिविर के साथ ही ग्रामीणों के कल्याण के लिए विभिन्न कार्य किए जाते हैं।

### 1220 छात्रों ने बीरोंखाल में करी हिमालय प्रतिज्ञा

पौड़ी। हिमालय बचाओं अभियान के दौरान सोमवार को बीरोंखाल के विभिन्न स्कूलों के 1220 शिक्षकों व छात्रों ने हिमालय को बचाने की शपथ ली। वहीं राइंका बैजरों के छात्रों ने लोगों से पॉलिथीन का प्रयोग न करने की अपील की है। राइंका बैजरों प्रधानाचार्य हुकम सिहं, सैंधार प्रवीन चौहान, जोगीमंणी ने कहा की हिमालय को बचाने के लिए सभी को मिलकर आगे आना होगा तभी हिमालय को बचाया जा सकता हैं। उन्होनें लोगों से प्लास्टिक कूडें से नदी,नालों को भी काफी खतरा हो रहा हैं। शपथ लेने वाले स्कूलों में प्राथमिक विद्यालय कोटा, ढिस्वाणी, सुंदरखाल, ग्वारी, कंडूली बड़ी, छोटी, भरपूर बड़ा, राइंका बैजरों, सैधार, वेदीखाल, भरोलीखाल आदि में छात्र छात्राओं और स्टाफ ने शपथ ली। इस अवसर पर ओम प्रकाश राणा, विजय कुमार, नीलम, राजेन्द्र प्रसाद, दीनदयाल, विपिन चंद, महिपाल राम, संजय सिहं, प्रतिभा, रमेश वोरा, अशोक कुमार आदि शामिल रहे।

# देहरादून में 5 से 8 तक रहेगा रूट डायवर्ट, ये है ट्रैफिक प्लान

न्यूज़ वायरस नेटवर्क




देहरादून 05 सितम्बर : 5 से 8 तक प्रस्तावित "विधानसभा सत्र" के दौरान देहरादून शहर का यातायात प्लान निम्नवत रहेगा- विधानसभा-सत्र के दौरान धरना प्रदर्शन आदि के दृष्टिगत यातायात / कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु देहरादून के निम्न स्थलों पर बैरियर प्वाइंट निर्धारित किये गये है,

1. प्रगति विहार बैरियर
2. शास्त्री नगर बैरियर
3. बाईपास बैरियर
4. डिफेंस कालोनी बैरियर
5.विधान सभा तिराहा बैरियर

सम्पूर्ण भारी वाहनों को कारगी चौक व डोईवाला से दूधली रोड की ओर डायवर्ट किया जायेगा । रिस्पना क्षेत्र में यातायात का अधिक दबाव होने पर भारी वाहनों को आंशिक रुप से लालतप्पड़,हर्रावाला व नयागांव पर रोका जायेगा ।

देहरादून से हरिद्वार/ऋ षिकेश/ टिहरी/चमोली जाने वाले वाहन नेहरू कॉलोनी / फव्वारा चौक से पुलिया नम्बर 06 की ओर डायवर्ट किये जायेंगे ।धर्मपुर चौक से आई0एस0बी0टी0 की ओर जाने वाला यातायात माता मन्दिर रोड होते हुए पुरानी बाईपास चौकी से आई0एस0बी0टी0 की ओर भेजा जायेगा । मोहकमपुर की ओर से मसूरी जाने वाले वाहन जोगीवाला से रिंग रोड से लाडपुर से सहस्त्रधारा क्रासिंग से आईटी पार्क से मसूरी मार्ग की ओर भेजा जायेगा । मोह-कमपुर की ओर से देहरादून शहर की ओर आने वाले वाहनो को विधानसभा तिराहा,रिस्पना,पुरानी बाई चौकी होते हुए धर्मपुर ईसी रोड़ की ओर भेजा जायेगा प्रत्येक सम्भावित जुलूस ( अनुमति प्राप्त ) केवल बन्नू स्कूल से प्रस्थान करेगा तथा इनके वाहन भी बन्नू स्कूल में पार्क किये जायेगें ।

जुलूस के बन्नू-स्कूल से प्रगति विहार बैरियर की ओर प्रस्थान करने पर रिस्पना से देहरादून शहर की ओर आने वाले वाहनों को हरिद्वार बाईपास से पुरानी बाईपास चौकी की ओर भेजा जायेगा । यातायात दबाव होने की स्थिति में डोईवाला से देहरादून की ओर आने वाली सिटी बस को कैलाश अस्पताल से यूटर्न लेकर वापस डोईवाला को ओर भेजा जायेगा । उच्चाधिकारियों के आदेशानुसार अन्य मार्गों से भी यातायात को डायवर्ट किया जायेगा तथा डायवर्ट किये गये यातायात को भी सामान्य किया जा सकता है । सभी वाहन चालकों से अनुरोध कि अधिक से अधिक दुपिया वाहनों का प्रयोग करें एवम संपूर्ण डाइवर्जन प्लान मे यातायात पुलिस को अपना सहयोग प्रदान करे

# आपको को भी है सुबह उठते ही फोन देखने की आदत, जान लें इसके नुकसान

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



ब्यूरो रिपोर्ट 05 सितम्बर : आजकल के समय में मोबाइल हर किसी के जिंदगी का अहम हिस्सा बन चुका हैं। हम हर वक्त फोन का इस्तेमाल करते हैं।फोन से इतना जुड़ गए हैं कि रात को सोने से पहले और सुबह उठते ही हमें सिर्फ अपना फोन ही नजर आता है। हम सभी सुबह उठते ही फोन का इस्तेमाल करने लगते हैं, लेकिन क्या आपको यह पता है कि सुबह उठते ही फोन का इस्तेमाल करने से कई तरह के नुकसान हो सकते हैं। आज हम आपको बताएंगे कि सुबह उठते ही फोन का इस्तेमाल क्यों नहीं करना चाहिए।

हाल ही में यूनाइटेड किंगडम में करीब 2000 लोगों पर एक सर्वे कराया गया। इस सर्वे में पाया गया कि जो लोग सुबह उठकर फोन का इस्तेमाल करते हैं उनके दिन की शुरुआत स्ट्रेस से होती है। जिसके कारण उन्हें अपने कार्य करने में कई दिक्कतें आती हैं। विशेषज्ञों की मानें तो , सुबह उठते ही जब हम मोबाइल में नोटिफिकेशन देखते हैं, हमारा दिमाग सिर्फ उसी विषय के बारे में सोचने लगता है। जिसके कारण हमारा दिमाग किसी दूसरे काम में नहीं लगता है। ऐसा करने से हमारे कार्यक्षमता पर भी असर पड़ता है। सुबह उठते ही जब हम किसी चीज के बारे में सोचने लगते हैं। लगातार उस विषय के बारे में सोचने से हमें तनाव और एंग्जाइटी होने लगती है। ऐसा कहा जाता है कि सुबह के वक्त कई लोगों का ब्लड प्रेशर बढ़ा हुआ होता है।

ऐसे में ज्यादा तनाव लेने से ब्लड प्रेशर लेवल और बढ़ सकता है। इसके कारण आपको कई गंभीर बीमारियों का सामना करना पड़ सकता है। सुबह उठते ही जब हम अपनी मेल या नोटिफिकेशन चेक कर रहे होते हैं। तब हम बीते दिनों की बातों को पढ़ रहे होते है। जिसके कारण हम अपने वर्तमान को भूलकर अतीत में जीने लगते हैं। इसकी वजह से आप अपना मन और दिमाग को वर्तमान में नहीं लगा पाते हैं। जिसके कारण आपके दिन की शुरुआत अच्छे ढंग से नहीं होती है।

एक्सपर्ट्स के अनुसार सुबह उठते ही फोन का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। आप सुबह उठने के बाद मेडिटेशन और योगा भी कर सकते हैं। मेडिटेशन और योग करने से आपका मन और दिमाग को शांति की प्राप्ति होगी। जिसकी वजह से आप अपने कार्य बेहतर तरीके से कर पाएंगे।

# उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग की बैठक में सीडीओ निर्देश

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

रुद्रपुर , 5 सितंबर , विकास भवन, रुद्रपुर में मुख्य विकास अधिकारी, ऊधमसिंह नगर की अध्यक्षता में विकास भवन के सभागार में उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग की मुख्य उद्यान अधिकारी व समस्त उद्यान सचल दल केन्द्र प्रभारियों के साथ सहवर्गीय बैठक की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा औद्यानिकी क्षेत्रों की गतिविधियाँ यथाः पुष्प उत्पादन, सब्जी उत्पादन, पॉलीहाउस निर्माण, मौनपालन, मशरुम उत्पादन, खाद्य प्रसंस्करण आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी ली गयी साथ ही समस्त उद्यान सचल दल केन्द्र प्रभारियों को अपने अपने क्षेत्रान्तर्गत कृषकों की सफलता की कहानियॉ एवं औद्यानिकी क्षेत्रों की गतिविधियों की अद्यतन सूचना उपलब्ध कराने हेतु एवं जनपद के राजकीय पौधालयों की पिछले वर्षो में प्राप्त राजस्व कर सूचना उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया।



## संक्षिप्त खबरें

### छात्रों ने संत का पुतला फूंका

हरिद्वार। ब्राह्मणों पर एक अखाड़े के पूर्व आचार्य महामंडलेश्वर के बयान के विरोध में उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय के छात्र संघ अध्यक्ष सागर खेमरिया के नेतृत्व छात्रों ने प्रदर्शन किया। अध्यक्ष ने कहा कि विवादित बयान देने वाले कथा वाचक जब हरिद्वार आएंगे तो उनका विरोध किया जाएगा। इस तरीके का बयान किसी भी आध्यात्मिक व्यक्ति को शोभा नहीं देता है। इस तरह के अपमानजनक बयान किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किए जा सकते हैं। इस दौरान गिरीश चंद्र सती, आदित्य, कार्तिक श्रीवास्तव, सौरभ शर्मा, कमलेश भट्ट, मनमोहन शुक्ल आदि मौजूद रहे।

### हिन्दी के क्षेत्र में रोजगार के अवसर पर दिया व्याख्यान

हरिद्वार। उत्तराखंड संस्कृत विवि के शिक्षा शास्त्र विभाग में परम्परागत शिक्षा में हिन्दी के क्षेत्र में रोजगार पर व्याख्यान हुआ। प्रो. सूर्य प्रसाद दीक्षित ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के मौलिक बिन्दुओं पर प्रकाश डाला। प्रो. दीक्षित छात्रों के रोजगार के लिए शिक्षण से अलग सर्जनात्मक लेखन, विज्ञापन लेखन, स्लोगन लेखन, पत्रकारिता के क्षेत्र के अवसरों के बारे में बताया। इस अवसर पर शिक्षाशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.अरविन्द नारायण मिश्रा, पत्रकारिता विभाग के विभागाध्यक्ष उमेश कुमार शुक्ल, डॉ.बिन्दुमति द्विवेदी, मीनाक्षी रावत, डॉ.सुमन प्रसाद भट्ट, विमल चन्द्र पांडेय आदि मौजूद रहे।

### छात्रों को यातायात नियमों की जानकारी दी

उत्तरकाशी। यातायात पुलिस एवं एआरटीओ की संयुक्त टीम ने पीजी कॉलेज उत्तरकाशी में छात्रों को ट्रैफिक नियमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। सडक़ दुर्घटनाओं को कम करने एवं यातायात नियमों के प्रति आमजन को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। एसपी अर्पण यदुवंशी पुलिस के निर्देशन में उत्तरकाशी पुलिस की ओर से सडक़ सुरक्षा जनजागरुकता कार्यक्रम के तहत एआरटीओ जितेन्द्र सिंह एवं निरीक्षक यातायात राजेन्द्र नाथ के नेतृत्व में यातायात नियमों व रोड सेफ्टी की व्यापक जानकारी पीजी कॉलेज के छात्रों दी गयी। पुलिस ने कहा कि जब भी कोई दोपहिया वाहन चलाते हैं, तो हेलमेट का जरुर प्रयोग करें। हेलमेट हमेशा अच्छी गुणवता का ही प्रयोग करें। मोटरसाइकिल से स्टंटबाजी बिलकुल भी न करें, जिससे की आपका जीवन खतरे में पड़े। सडक़ दुर्घटना के समय घायलों की मदद हेतु गुड सेमेरिटन के सम्बन्ध में जागरुक करते हुये नाबालिग बच्चों को वाहन न चलाने की हिदायत दी गई।

### अतिक्रमण पर विधानसभा में प्रमुखता से प्रश्न पूछने का आग्रह

उत्तरकाशी। गंगोत्री क्षेत्र के पूर्व विधायक विजयपाल सजवाण ने नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने उत्तराखंड सहित जनपद उत्तरकाशी में अतिक्रमण ध्वस्तीकरण के खिलाफ इस मानसून सत्र में विधानसभा में अध्यादेश के साथ कानून लाये जाने संबंधी पत्र सौंपा। कहा कि विधानसभा में वह इस प्रश्न को जरूर रखें। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट के आदेशानुसार प्रदेश में सभी जिलाधिकारियों व डीएफओ को नेशनल व स्टेट हाईवे सहित अन्य सडक़ों तथा नदियों के किनारे सरकारी व वन भूमि पर किया गया अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये गये हैं। जिसके क्रम में जनपद उत्तरकाशी के विभिन्न राजमार्गों पर स्थानीय प्रशासन द्वारा गठित टीम के नेतृत्व में अतिक्रमण ध्वस्तीकरण व चिन्हीकरण कार्य चल रहा है। उन्होंने कहा कि इस फैसले से जनपद उत्तरकाशी में सडक किनारे वर्षों से जीवन यापन कर रहे लोगों के घरों व प्रतिष्ठानों को हटाने से जिले के हजारों परिवार बेघर हो रहे हैं। पहाड़ों में रोजगार के सीमित साधन है। ऐसी स्थिति मे लोग चारधाम यात्रा मार्ग पर दुकानें चलाकर आजीविका चला रहे हैं। अचानक हुई इस कार्यवाही से वर्षों से जीवन यापन कर रहे लोगों की रोजी रोटी संकट में पड़ गई है। तीन चार पीढियों से चल रही दुकानों व मकानों को प्रशासन द्वारा अचानक चिन्हित कर हटाने के आदेश से पूरे इलाके में अफरा तफरी का माहौल है। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष को बताया कि इनमें से कई भवन ऐसे भी हैं जो लीज व सरकारी आवंटन पर बने हैं तथा समय-समय पर सरकार के विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित भी है। सरकारी विभागों ने ही इन्हें बिजली पानी जैसी सुविधायें भी दी है।

# उच्च शिक्षा में शिखर वार्ता में विभिन्न क्षेत्रों से लोग हुए सम्मानित

न्यूज़ वायरस नेटवर्क





देहरादून , 5 सितंबर , इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्निकल टीचर्स, प्रसार भारती, आकाशवाणी एवं तेजस्विनी चैरिटेबल ट्रस्ट एवं बिजनेस संगठन के संयुक्त तत्वाधान में उच्च शिक्षा पर एक शिखर सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस शिखर सम्मेलन का आयोजन लगातार पांच वर्षों से किया जा रहा है। इस साल समारोह का विषय G 20 पर आधारित युवा सम्मेलन था। समारोह में शिक्षा एवम समाजसेवा से जुड़े 30 लोगों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रसार भारती क्लस्टर प्रमुख अशोक कुमार, माया ग्रुप का कॉलेज की एम डी डॉ तृप्ति जुयाल सेमवाल, आकाशवाणी की सहायक निदेशक आरसी बर्थवाल कार्यक्रम की शुरुवात दीप प्रज्वलन कर प्रमुख शिवराम सिंह रावत, माया ग्रुप ऑफ कॉलेज के कैंपस डीन मनीष पांडे, आईआईटीटी की एडिशनल डायरेक्टर डॉ प्रीति पंत सहित पदमश्री बसंती बिष्ट पदम श्री डॉ माधुरी भारद्वान पदम श्री डॉ बीके संजय एवं पदम श्री कल्याण सिंह रावत ने की।कार्यक्रम में डॉ तृप्ति जुयाल सेमवाल ने G20 पर बोलते हुए अपने विचार व्यक्त किए। डॉ. तृप्ति ने कहा की हमे अपनी संस्कृति, संस्कार और सभ्य समाज को भविष्य के लिए संजो के रखना है। इसके उपरांत डॉ. प्रीति पंत ने इस वर्ष को मिलेट वर्ष मिलेट्स की उपयोगिता के बारे में अपने विचार व्यक्त की है वही डॉ. मुकुल शर्मा ने हायर एजुकेशन पर अपने विचार रखें इसके उपरांत शिक्षक दिवस पर विचार डालते हुए डॉ. मनीष पांडे ने कार्यक्रम में मौजूद सभी को धन्यवाद दिया।

कार्यक्रम में शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों से लोगों को सम्मानित किया गया सम्मानित होने वाले लोगों में डॉ तृप्ति जुयाल सेमवाल यूथ आइकॉन अवार्ड, डॉक्टर ललित कोटिया एजुकेशनल लीडरशिप अवार्ड, अर्चना यादव कपूर एंटरप्रेन्योर ऑफ़ द ईयर अवार्ड ममता गुलरिया एजुकेशनल लीडरशिप अवार्ड ,मनीषा रावत बेस्ट इन्नोवेटिव टीचर अवार्ड , डॉ बीनू भदोरिया एंटरप्रेन्योर ऑफ़ द ईयर अवार्ड, रक्षिमा तोमर एजुकेशनल लीडरशिप अवार्ड, डॉ आकांक्षा नौटियाल यंग अचीवर अवार्ड , नूपुर गुप्ता एक्सीलेंस इन सोशल वर्क अवार्ड, लोकेश नवानी एक्सीलेंस इन सोशल वर्क अवार्ड , मनीष सहगल एडुप्रेन्योर लीडरशिप अवार्ड , अनामिका जिंदल एक्सीलेंस इन सोशल वर्क अवार्ड, रश्मि खत्री एक्सीलेंस इन सोशल वर्क अवार्ड, साधना जयराज एक्सीलेंस इन सोशल वर्क अवार्ड, शिवानी कौशिक गुप्ता, एक्सीलेंस इन सोशल वर्क अवार्ड , साधना शर्मा एक्सीलेंस इन सोशल वर्क अवार्ड, रूपा शर्मा एक्सीलेंस इन सोशल वर्क अवार्ड , सुद्धोवाला जेल अधीक्षक पवन कोठारी सेफ्टी एंड सिक्योरिटी एक्सीलेंस अवॉर्ड, रितिका मेहरा बेस्ट डीन अवार्ड, एडवोकेट नुपुर गुप्ता एक्सीलेंस इन सोशल वर्क अवार्ड , सुरेश चंद्र आउटस्टैंडिंग फैकल्टी अवार्ड , वीरेंद्र सिंह कठैत एक्सीलेंस इन सोशल वर्क अवार्ड, सलमान हाशमी आउटस्टैंडिंग फैकल्टी अवार्ड , आशीष सिंह एजुकेशनल लीडरशिप अवार्ड , कृष्ण राजवी आउटस्टैंडिंग फैकल्टी अवार्ड, प्रगति कौशल यंग साइंटिस्ट अवार्ड , शिवमूर्ति आउटस्टैंडिंग फैकल्टी अवार्ड , डॉक्टर त्रिदेव चट्टोपाध्याय आउट-स्टैंडिंग फैकल्टी अवार्ड एवं डॉक्टर ओबैभ जिओ यंग साइट इस अवार्ड से नवाजे गए।

कार्यक्रम के दौरान उत्तराखंड के विभिन्न लोक नृत्य का मंचन भी किया गया जिसमें वहां पर मौजूद सभी वक्ताओं को मंत्र मुक्त कर दिया। नृत्य करने वाले एवं प्रस्तुतियां देने वाले सभी लोगों को माया ग्रुप आफ कॉलेज की एचडी की ओर से मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया गया।

## संपादकीय



## एक देश, कई सवाल

भारत में 'एक देश, एक चुनाव' की संभावनाओं को खंगालने के लिए जो समिति बनाई गई है, वह कई सवालों और अद्र्धसत्यों पर आधारित है। पहली बार पूर्व राष्ट्रपति को किसी समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। रामनाथ कोविन्द देश के राष्ट्रपति के रूप में सभी पक्षों के 'महामहिम' थे। वह सभी के अभिभावक थे, लिहाजा सत्ता और विपक्ष उनके लिए बेमानी थे। ऐसी सामान्य अवधारणा राष्ट्रपति को लेकर होती है। बेशक वह पांच साल तक भारत के राष्ट्रपति रहे, लिहाजा उनकी संवैधानिक निष्ठा और उनके ज्ञान पर कोई सवाल नहीं किया जा सकता। यदि समिति की रपट भाजपानुमा आती है, तो पूर्व राष्ट्रपति पर भी सवाल उठेंगे। वह आलोचनाओं के घेरे में भी होंगे। ऐसी स्थिति देशहित में नहीं मानी जा सकती। सेवानिवृत्ति के बाद राष्ट्रपति कोई सरकारी काम नहीं करते। उन्हें आवश्यकता भी नहीं है। सेवामुक्त होने के बाद भारत सरकार राष्ट्रपति को केंद्रीय कैबिनेट मंत्री के स्तर का सरकारी आवास देती है। भरा-पूरा स्टाफ और सचिव की सेवाएं भी मिलती हैं। चिकित्सा सेवाएं और इलाज आदि निःशुल्क होते हैं और इन तमाम सुविधाओं के अलावा, अच्छी-खासी पेंशन भी दी जाती है। राष्ट्रपति के रूप में कोविन्द जी देश के प्रथम नागरिक रहे हैं। पूरा देश उनका घर है। वह किताब लिखें तथा विभिन्न सामाजिक-शैक्षिक मंचों पर जाकर युवा पीढ़ी को संबोधित करें, ताकि देश के बारे में उनके भीतर जागृति पैदा की जा सके और उनके भविष्य का मार्ग प्रशस्त किया जा सके। ऐसे राजनीतिक विरोधाभासों वाले मुद्दे की समिति की अध्यक्षता स्वीकार करने की विवशता क्या थी? इसके अलावा, किसी पूर्व प्रधान न्यायाधीश अथवा सर्वोच्च अदालत के पूर्व न्यायाधीश और पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त या मौजूदा चुनाव आयुक्त को समिति में क्यों नहीं स्थान दिया गया? समिति में पूर्व मुख्य सतर्कता आयुक्त और वित्त आयोग के पूर्व अध्यक्ष आदि को स्थान क्यों दिया गया है?

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, पूर्व सांसद गुलाम नबी आजाद और सर्वोच्च अदालत के वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे आदि उसी लकीर पर ठप्पा मार सकते हैं, जो प्रधानमंत्री मोदी तय करेंगे। दरअसल 'एक देश, एक चुनाव' का मुद्दा ज्यादातर संवैधानिक और कानूनी है, लिहाजा न्यायाधीशों और चुनाव आयुक्तों की भूमिका अपरिहार्य है। बहरहाल इस समिति के निष्कर्षों की रपट देखना और पढना ही अब देश के आम आदमी की भी नियति है। ऐसी कई रपटें सरकार के संग्रहालयों में मौजूद होंगी, लेकिन उन पर कोई अमल नहीं किया गया। कोविन्द कमेटी की रपट का भी हश्र क्या होगा, हम आज कुछ नहीं कह सकते, क्योंकि जो निर्णय किया जाना है, वह प्रधानमंत्री ने तय कर ही लिया होगा! देश के प्रधान न्यायाधीश रहे जस्टिस वेंकटचलैया ने भी तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को एक रपट सौंपी थी, जिसका मुख्य सारांश यह था कि देश का संघीय ढांचा बदला नहीं जा सकता। एक पुराना प्रसंग भैरोसिंह शेखावत का भी याद आता है, जब उन्होंने उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दिया था। तब के प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह शिष्टाचार मुलाकात करने गए थे। उन्होंने पूछा था कि राजनीति में आपका 50 सालों से अधिक का अनुभव है, लिहाजा कुछ बताएं कि देशहित में क्या किया जाना चाहिए? शेखावत जी का संक्षिप्त और सटीक जवाब थे-एक साथ चुनाव कराए जाएं। दूसरे, बेहद छोटी पार्टियों पर पाबंदी लगा दी जाए, क्योंकि उनसे राजनीतिक व्यवस्था 'भ्रष्ट' होती है।

दैनिक न्यूज़ वायरस
**संपादक : मौ.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002 **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com **Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## टनकपुर-बनबसा के ड्रेनेज सिस्टम की डीपीआर तैयार

चम्पावत। टनकपुर-बनबसा के ड्रेनेज सिस्टम की डीपीआर तैयार कर ली गई है। इसको तैयार करने में 38 लाख रुपए की धनराशि खर्च हुई है। जलभराव के पानी को शारदा और हुड्डी नदी में डाला जाएगा। चार माह पहले सीएम ने यहां ड्रेनेज सिस्टम तैयार करने की घोषणा की थी। ड्रेनेज सिस्टम की डीपीआर अफसरों ने तैयार कर ली है। डीपीआर में सर्वे कार्य, वाटर लेवल की गहनता से जांच करना सहित तमाम प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। सीएम घोषणा में शामिल योजना के तहत टनकपुर से लगे ककराली गेट, पिथौरागढ़ चुंगी, पीलीभीत चुंगी, आमबाग, विष्णुपुरी कॉलोनी, ज्ञानखेड़ा, मनिहारगोठ, बिचई, सैलानीगोठ, फागपुर, सैनिक क्षेत्र, बनबसा, बमनपुरी, पचपकरिया आदि जगहों में जलभराव की समस्या दूर करने के लिए ड्रेनेज प्लान तैयार किया जा रहा है। कार्यदाई संस्था सिंचाई विभाग से मिली जानकारी के अनुसार ड्रेनेज सिस्टम तैयार करने के लिए ककराली गेट से जगबुड़ा पुल तक दो मीटर चौड़ा नाला बनाया जाएगा। डीपीआर शासन स्तर को भेजी जाएगी। टनकपुर-बनबसा में बनने वाले ड्रेनेज सिस्टम की डीपीआर तैयार कर ली है। जिसमें कुल 38 लाख रुपए की लागत लगी है। इसके लिए कुछ बिंदुओं में और काम करना है। जिसके बाद डीपीआर डीएम स्तर को भेज दी जाएगी। - आरके यादव, एसडीओ, सिंचाई विभाग, टनकपुर।

## फायर स्टेशन के समीप दिखाई दिया गुलदार

चम्पावत। फायर स्टेशन टनकपुर के समीप फायर कर्मियों को गुलदार दिखाई दिया। इससे स्थानीय लोगों में हडक़ंप मच गया। वहीं सूखीढांग क्षेत्र में बीते तीन दिन में गुलदार की मूवमेंट कैमरों में कैद नहीं हो सकी है। अग्निशमन अधिकारी अमर सिंह अधिकारी ने बताया कि फायर कर्मियों ने गुलदार दिखाई देने की बात कही है। जिससे स्थानीय लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। हालांकि गुलदार से किसी भी प्रकार से कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। इधर बूम रेंजर गुलजार हुसैन ने बताया कि आठवां मील के आस-पास कार सवार एक यात्री को गुलदार दिखाई दिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### नगला की मलिन बस्तियों का नियमितीकरण किया जाए

रुद्रपुर। किच्छा के नगला स्थित मलिन बस्तियों के लोगों ने पुरानी आबादियों का नियमितीकरण किए जाने की मांग की है। उन्होंने डीएम से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। सोमवार को किच्छा के पूर्व विधायक राजेश शुक्ला के नेतृत्व में बस्ती के लोगों ने डीएम उदयराज सिंह से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। कहा कि वह वर्ष 1962 से इस भूमि पर रह रहे हैं और मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण कर रहे हैं। कुछ लोगों ने पक्का निर्माण कर अपना आशियाना बनाया है। लेकिन इन मलिन बस्तियों का अभी तक नियमितीकरण नहीं किया गया है। इस वजह से सैकड़ों परिवार उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने डीएम से बस्तियों का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजने और प्रदेश सरकार से मलिन बस्तियों का नियमितीकरण करने की मांग की। उधर, डीएम ने मामले की जानकारी लेते हुए मलिन बस्तियों के लोगों से एक शिकायती पत्र शासन को भेजने की बात कही। यहां कालिका देवी, मानव देवी, पुनीत यादव, पुष्पा कोहली, गैदा देवी, आरती रानी, घनश्याम यादव, शेर सिंह, सुनीता मंडल, नंदी जोशी, पुष्पा कोहली आदि मौजूद रहे।

### बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान की बारीकियां बताई

चम्पावत। विकास खंड बाराकोट में बुनियादी साक्षरता, संख्या ज्ञान और विद्यालय से सुरक्षा संबंधी छह दिवसीय शिक्षक सेवारत प्रशिक्षण का शुभारंभ हो गया है। बीआरसी बाराकोट में प्रशिक्षण का शुभारंभ बीईओ भानु प्रताप कुशवाहा ने किया। उन्होंने प्रशिक्षण का स्कूलों में करने को कहा। कार्यक्रम समन्वयक मनोज भाकुनी ने निपुण भारत कार्यक्रम के तहत चम्पावत निपुण भारत मिशन के उद्देश्य, लक्ष्य व आधारभूत साक्षरता के प्रमुख घटकों को बताया। उन्होंने छह दिनों में होने वाले प्रशिक्षण की रुपरेखा के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्यक्रम शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार की ओर से बेहतर समझ के साथ पढऩा और संख्या ज्ञान में प्रवीणता के लिए है। बीआरसी समन्वयक रमेश जोशी ने एफएलएन कार्यक्रम को बेहतर ढंग से करने के बारे में बताया। यहां हेम चंद्र पांडेय, प्रकाश गडक़ोटी रहे।

### सरिया और जाल उठाकर भाग रहे दो दबोचे

चम्पावत। वार्ड नं पांच के एक खाली प्लॉट से सरिया और जाल उठाकर भाग रहे दो लोगों को पुलिस ने दबोच लिया। जिन्हें रोडवेज वर्कशॉप के पास पकड़ लिया गया। जिन पर पुलिस एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई की गई। नई बस्ती, वार्ड नं पांच निवासी रोहित ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि सोमवार दोपहर मच्छी गली निवासी विशाल कुमार और कमलपथ निवासी अमन कुमार उनके खाली पड़े प्लॉट से सरिया और जाल उठाकर ई-रिक्शा संख्या यूके03 ईआर0757 में रखकर भाग रहे थे। जिन्हें रोडवेज वर्कशॉप के पास पकड़ लिया गया। उन्होंने दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। एसएसआई बची सिंह बिष्ट ने बताया कि दोनों आरोपियों का चालान किया है।

### शिक्षक रवीश को आज मिलेगा शैलेश मटियानी पुरस्कार

चम्पावत। जूनियर हाईस्कूल बिसारी के शिक्षक रवीश पचौली को मंगलवार को शैलेश मटियानी पुरस्कार दिया जाएगा। शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने पर उन्हें इस सम्मान से नवाजा जाएगा। पचौली को इससे पूर्व 2015 में राज्यपाल पुरस्कार मिल चुका है। मंगलवार को शिक्षक दिवस पर रवीश पचौली को देहरादून में सम्मानित किया जाएगा। शिक्षक रवीश स्कूल में लगातार छात्र संख्या में वृद्धि करवाने में सफल हुए हैं। इसके अलावा छात्र-छात्राओं को तमाम प्रतियोगिताओं में राज्य स्तर तक प्रतिभाग करवाने, कोरोना काल में मोहल्ला कक्षा चलाने, विद्यालय गांव की ओर कार्यक्रम, शोध पत्रों का प्रकाशन और तमाम जागरुकता अभियान चलाए।

# जागरा (देवनायणी) मेला पर्व में श्रद्धालुओं की सुविधाओं रखा जाये ध्यान : महाराज

## हनोल में राजकीय मेला के लिये सतपाल महाराज ने दिए बेहतर इंतज़ाम के निर्देश





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 5 सितंबर , हनोल स्थित महासू मंदिर में देव दर्शनों के लिए जागरा (देवनायणी) मेला पर्व पर पूर्व की तरह इस बार भी हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए शुद्ध पेयजल की उपलब्धता, विद्युत, परिवहन, स्वास्थ्य, सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ सुगम आवागमन के लिए मोटर मार्गों के सुधारीकरण का काम समय किया जाये। प्रदेश के संस्कृति, धर्मस्व, पर्यटन, लोक निर्माण, पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण एवं जलागम मंत्री सतपाल महाराज ने सोमवार को हनोल स्थित महासू मंदिर एवं दसऊ स्थित चालदा महाराज मंदिर परिसर में जागरा (देवनायणी) राजकीय मेला पर्व की तैयारियां को लेकर पर्यटन विकास परिषद, गढ़ीकैण्ट में आयोजित एक बैठक में उपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं

संस्कृति एवं धर्मस्व मंत्री महाराज ने कहा कि 18 सितम्बर 2023 को महासू देवता, हनोल और 19 सितम्बर 2023 को चालदा महाराज, दसेऊ में आयोजित होने वाले जागरा (देवनायणी) राजकीय मेला पर्व की तैयारियां को सभी विभाग अपने अपने कार्यों को समय से पूरा कर लें। क्योंकि पूर्व की तरह इस बार भी इस देव आयोजन में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। इसलिए मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए शुद्ध पेयजल की उपलब्धता, विद्युत, परिवहन, स्वास्थ्य, सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ सुगम आवागमन के लिए मोटर मार्गों के सुधारीकरण का काम समय किया जाना चाहिए।

बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं के सुविधाजनक आवागमन के लिए हरिद्वार-देहरादून-विकास नगर वाया चकराता से हनोल, देहरादून-मिनस-हनोल, शिमला से हनोल, नैरवा-अटाल-हनोल, देहरादून विकास नगर-डामटा-बड़कोट-पुरोला-मोरी-हनोल, उत्तरकाशी से हनोल तक बसों के संचालन की व्यवस्था की जाये और जागरे के समय टैक्सियों के रेट तय करने के साथ साथ सहिया से दसऊ जाने के लिए भी बस एवं टैक्सियों की व्यवस्था की जाये इसके अलावा 18-19 सितम्बर को जागरे के दिन बस सेवा त्यूनी से हनोल, हनोल से त्यूनी शुरू करने को कहा।

उन्होंने हनोल जागरे के दौरान स्वास्थ्य कैंप लगाने, 108 एम्बुलेंस सेवा भी उपलब्ध करवाने और दवाईयों की उपलब्धता के भी स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से कहा है कि वह त्यूनी से हनोल और सहिया से दसऊ मोटर मार्गो में शीघ्रता से पेचवर्क करवायें ताकि श्रृद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। महाराज ने हनोल में पार्किंग की व्यवस्था के साथ-साथ ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त रखना, अतिरिक्त फोर्स तैनात करने, वीआईपी दर्शनों के लिए आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने, विद्युत व्यवस्था, जनरेटर की व्यवस्था सहित मंदिर परिसर में स्ट्रीट लाइटों को दुरुस्त करने के भी अधिकारियों को निर्देश दिए। पेयजल जल विभाग से श्रद्धालुओं के लिए पानी के टैंकर की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए गए।बैठक में हनोल मंदिर समिति के सचिव सोहनलाल सेमवाल, सामाजिक कार्यकर्ता कमल बिजवान, पर्यटन सचिव सचिन कुर्वे, संस्कृति सचिव हरिश्चंद्र सेमवाल, एसडीएम चकराता मुक्त मिश्रा, एडीएम राम जी शरण, सीओ विकास नगर सहित अनेक विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

## किसानों की उपेक्षा बर्दाश्त नहीं करेंगे : गुलशन रोड

रुडक़ी। उत्तराखंड किसान मोर्चा के बैनर तले आयोजित किसान महा पंचायत में सरकार से आपदा में फसलों के नुकसान का मुआवजा कम से कम दस हजार रुपये प्रति बीघा देने, एक साल तक ट्यूबवेलों की बिजली मुफ्त देने तथा आगामी सीजन में गन्ने का मूल्य 600 रुपये कुंतल घोषित करने की मांग उठाई गई। सिविल लाइंस क्षेत्र से सटे जादूगर रोड पर आयोजित महापंचायत में मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुलशन रोड ने कहा कि सरकार किसानों की समस्याओं को लेकर गंभीरता नहीं दिखा रही है। पिछले दिनों आई आपदा ने किसानों को काफी नुकसान पहुंचाया है। फसलें चौपट हो गई हैं, इससे किसान आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। किसानों के सामने परिवार पालना भी मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा कि सरकार मुआवजे के नाम पर किसानों को चंद रुपये देकर टालने का काम कर रही है इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## रुडक़ी में 10 को विशाल पेंशन संगोष्ठी होगी

रुडक़ी। राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा द्वारा पुरानी पेंशन बहाली के लिए 10 सितंबर को विशाल पेंशन संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार और जागरूकता के लिए पदाधिकारियों द्वारा जिले के विभिन्न विद्यालयों और कार्यालयों में वृहद संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को भी अलग-अलग क्षेत्रों में अभियान चलाया गया।जिला अध्यक्ष नवीन सैनी ने कहा कि पुरानी पेंशन समाप्त होने से कर्मचारी भविष्य को लेकर चिंतित हैं। उन्होंने कहा कि नई पेंशन स्कीम छलावा है। जिला प्रभारी विवेक सैनी ने कहा कि सरकारी कर्मचारी एकजुट होकर लगातार पेंशन बहाली के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 10 सितंबर को इस मुद्दे पर चर्चा करते हुए आगे की रणनीति तय की जाएगी।

## मातृ सदन के आरोपों के बाद एसआईटी गठित

हरिद्वार। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने मातृसदन के परमाध्यक्ष स्वामी शिवानंद सरस्वती की ओर से लगाए गए षड्यंत्र के आरोप के बाद मामले की जांच के लिए एसआईटी (विशेष जांच दल) का गठन कर दिया है। एसआईटी सात दिन के अंदर जांच कर अपनी रिपोर्ट एसएसपी को सौंपेगी। दो सितंबर को मातृ सदन आश्रम में पत्रकारों से वार्ता करते हुए स्वामी शिवानंद सरस्वती ने मातृ सदन के खिलाफ षड्यंत्र रचे जाने के आरोप लगाए थे। साथ ही मुख्यमंत्री और डीजीपी को पत्र भेजते हुए 24 घंटे के अंदर एसआईटी गठित करने की भी मांग की थी। आश्रम में संदिग्ध व्यक्तियों के घुसने के मामले में पुलिस प्रशासन पर भी सवाल उठाए थे। इन आरोपों के बाद एसएसपी अजय सिंह ने जांच के लिए एसआईटी का गठन कर दिया है। एसपी क्राइम और यातायात रेखा यादव को एसआईटी प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। जबकि सीओ सिटी जूही मनराल, एलआईयू इंस्पेक्टर मनोज भारद्वाज, कनखल थाना प्रभारी नितेश शर्मा, अपराधिक अभिसूचना इकाई के दो आरक्षियों को शामिल किया गया है। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि पूरे मामले को लेकर जांच शुरू कर दी है। सात दिन के अंदर जांच कर टीम अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। रिपोर्ट के बाद ही आगे कार्रवाई होगी।

## जोहार सडक़ बंद होने से टैक्सी संचालकों में आक्रोश

पिथौरागढ़। मुनस्यारी-जोहार बंद सडक़ न खुलने से पंचाचूली टैक्सी यूनियन ने आक्रोश जताया है। यूनियन का कहना है कि सडक़ बंद होने से वाहन चालकों के समक्ष रोजी-रोटी का संकट खड़ हो गया है। सोमवार को पंचाचूली टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह भंडारी के नेतृत्व में सदस्यों तहसील कार्यालय पहुंचे। इस दौरान उन्होंने आक्रोश जताते हुए कहा कि जोहार सडक़ बीते एक सप्ताह से बंद है। बावजूद प्रशासन सडक़ खोलने को लेकर कोई पहल नहीं कर रहा है। कहा कि लंबे समय बाद भी मार्ग बंद होने से वाहन चालकों का कामकाज ठप हो गया है। बाद में उन्होंने एसडीएम को ज्ञापन दिया। उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द सडक़ खोलने की मांग की है। कहा कि अगर उनकी मांग को लेकर कोई सकारात्मक पहल नहीं हुई तो वह उग्र आंदोलन करेंगे।

## बेरीनाग में जाम की समस्या गंभीर हुई

पिथौरागढ़। नगर के मुख्य बाजार में जाम की समस्या गंभीर होते जा रही है। प्रतिदिन जाम के कारण बाजार में खरीदारी को पहुंचे राहगीरों को भी खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार को नगर में आधे घंटे से अधिक समय तक लगे जाम के कारण वाहनों की आवाजाही भी बाधित रही। वहीं मुख्य बाजार,पुरानी बाजार,नया बाजार जवाहर चौक रोड पर रूक-रूक कर जाम से लोग दिन भर जूझते रहे। स्थानीय लोगों का कहना है कि सडक़ किनारे बेतरतीब ढंग से वाहनों को पार्क किया जा रहा है,जिससे आए दिन जाम लग रहा है। लोगों ने कहा कि नगर में पार्किंग व्यवस्था, ट्रैफिक पुलिस न होने से पुलिस बल को जाम हटाने में मशक्कत करनी पड़ रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### टनकपुर में कांग्रेस का 'यूथ जोड़ो बूथ जोड़ो अभियान शुरू

चम्पावत। यूथ कांग्रेस ने टनकपुर में 'यूथ जोड़ो बूथ जोड़ो अभियान चलाया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने लोस चुनाव के लिए बूथ को मजबूत किए जाने की बात कही। सोमवार को खर्कवाल गार्डन में कांग्रेस ने 'यूथ जोड़ो बूथ जोड़ो अभियान चलाया। जिसकी अध्यक्षता चम्पावत यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष विनोद सिंह बड़ेला ने किया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व छात्र नेता दीपक बेलवाल ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर रहे। साथ में प्रदेश प्रभारी सीबी चौहान और विजेंदर मोनी भी मौजूद रहे। प्रदेश अध्यक्ष भुल्लर ने लोस चुनाव के लिए बूथ को मजबूत करने का आह्वान किया। यहां कांग्रेस के पूर्व विधायक हेमेश खर्कवाल, विधानसभा अध्यक्ष नीरज मिश्रा, छात्रा उपाध्यक्ष भावना बोहरा, साहिल गिरी, प्रिया रावत, विनीता रावत, दिया मेहता, उमंग जोशी, दीपक नाथ, तुषार मिश्रा, सतीश पांडेय, बची सिंह महर, रुपेश कुमार, श्याम कठायत, दीपक बेलवाल, श्याम सक्सेना, करन, सौरभ गिरी आदि रहे।

### सभी प्रत्याशियों के व्यय लेखा पूर्ण मिले

बागेश्वर। विधानसभा उप निर्वाचन के लिए निर्वाचन व्यय लेखा का तीसरे चरण का मिलान किया गया। इस बार सभी प्रत्याशियों का व्यय लेखा सही पाया गया। भाजपा प्रत्याशी ने सबसे अधिक व उपपा प्रत्याशी ने सबसे कम धनराशि खर्च की है। विकास भवन सभागार में व्यय प्रेक्षक प्रभात डंडोटिया के निर्देशन में सहायक व्यय प्रेक्षक नौशाद आलम द्वारा सभी पार्टी प्रत्याशियों का व्यय लेखा मिलान किया गया। भाजपा प्रत्याशी पार्वती दास ने अब तक 24 लाख 23 हजार 183 रुपये, कांग्रेस प्रत्याशी बंसत कुमार ने 19 लाख 64 हजार 100, उपपा के भगवत कोहली ने एक लाख 24 हजार 430, सपा प्रत्याशी भगवती प्रसाद त्रिकोटी ने एक लाख 71 हजार 96, जबकि यूकेडी प्रत्याशी अर्जुन देव ने तीन लाख 33 हजार 96 रुपये खर्च किए हैं। सहायक व्यय प्रेक्षक ने बताया कि सभी प्रत्याशियों के व्यय लेखा रजिस्टर पूर्ण पाए गए। लेखा मिलान में व्यय टीम के हरीनंदन सनवाल, सचिन कंबोज, रघुनाथ सिंह, आनंद बिष्ट, प्रतिनिधि भाजपा मदन राम आगरी, कांग्रेस दीप चंद्र आर्या, यूकेडी मनोज जोशी, सपा के दीवान सिंह मलड़ाव उपपा के हीरा देवी मौजूद रहे।

### बागेश्वर उपचुनाव में 19 लाख की शराब पकड़ी, इतने लाख का कैश-चांदी और चरस भी जब्त

बागेश्वर। सीईओ वी षणमुगम ने कहा बताया कि बागेश्वर उपुचनाव में 1.83 लाख की रकम जब्त की जा चुकी है। 18.96 लाख की 3350 लीटर शराब जब्त की गई है। 3.58 लाख की चरस जब्त की गई। सात लाख की 11.55 किलो चांदी जब्त हुई। अवैध शराब, नशे से जुड़ी 11 एफआईआर की गई। बताया कि उपचुनाव में 15 संवेदनशील बूथ हैं। नौ बूथ ऐसे हैं, जहां संचार का कोई माध्यम नहीं है। वहां वायरलेस से काम लिया जा रहा है। कुल 240 शिकायतें प्राप्त हुई थी। सभी का निस्तारण कर दिया गया है। 217 शिकायतें सही पाई गई। कुल नौ क्विक रिस्पांस टीमों का गठन किया गया है। बताया कि अभी तक आचार संहिता उल्लंघन पर दो मुकदमे दर्ज किए जा चुके हैं। मालूम हो कि बागेश्वर उपचुनाव के लिए रविवार को शाम पांच बजते ही प्रचार-प्रसार का शोर थम गया था । उपचुनाव के लिए पांच सितंबर यानि कल मंगलवार को मतदान होगा।